Roll No : ....

Total No. of Questions : **13**] [Total No. of Printed Pages : **4**

EDE–186

B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. (Ist Year) Examination, 2021

GENERAL HINDI

Paper - GC–1

Time : 1½ Hours] [*Maximum Marks : **100***

खण्ड–अ

1. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द) : 10

कहुँ सुन्दरि नहात नीर कर जुगल उछारत।
जुग अम्बुज मिलि मुक्त मनु सुच्छ निकारत॥
धोवत सुन्दरि वदन करन अति ही छवि पावत।
वारिधि नाते ससि-कलंक मनु कमल मिटावत॥
सुन्दरि ससि मुख नीर मध्यं इमि सुन्दर सोहत।
कमल-बेलि लहलही नवल कुसुमनि मन मोहत॥
दीठी जहीं जहं जाति, रहति तिंत ही ठहराई।
गंगा छवि 'हरिश्चन्द' कछू बरनी नहिं जाई॥

अथवा

लाना संग में पुष्प न हों वे अधिक सजीले,
तो सुगंध भी मंद, ओस से कुछ-कुछ गीले।
किन्तु न तुम उपहार भाव आकर दरसाना,

स्मृति में पूजा हेतु यहाँ थोड़े बिखराना।
कोमल बालक मरे यहाँ गोली खा-खाकर,
कलियाँ उनके लिए गिराना थोड़ी लाकर।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (उत्तर-सीमा : **200** शब्द) : 10

हिम्मत से बहुत काम निकल जाते हैं और शरीर अथवा दिमाग की कमज़ोरी छिप जाती है। चाहे कितना ही कठिन काम करना पड़ जाये, चाहे कितनी ही आपत्तियों का सामना हो या भारी नुकसान उठाना पड़ गया हो, तो भी एक चतुर व्यापारी को साहस न छोड़ना चाहिए। उसका हृदय वज्र का और हड्डियाँ लोहे की होनी चाहिए। आगे बढ़ना ही उसका काम है। पीछे पैर रखना कायरता है।

अथवा

आत्मा है तो सारे शरीर में व्याप्त है, या किसी एक अंग में रहती है। अगर सारे शरीर में तो अंग कट जाने पर आत्मा भी उतना कट जाती है ? अगर एक अंग में तो अंग कटने पर क्या होगा। अपनी थ्योरी याद आ गई, जिसमें इस पहेली को हल कर दिया गया था कि जब कोई अंग कटता है तो उसमें से आत्मा सिमटकर बाकी शरीर में आ जाती है, पंगु नहीं होती।

3. श्री माखनलाल चतुर्वेदी 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से अभिहित करने के कारणों का विवेचन कीजिए (उत्तर-सीमा : **500** शब्द)।

अथवा

भवानी प्रसाद मिश्र की कविता 'गीत-फरोश' का परिचय देते हुए इसमें निहित व्यंग्य एवं भावों को स्पष्ट कीजिए। 15

4. 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' का सार अपने शब्दों में लिखिए (उत्तर-सीमा : **500** शब्द)।

अथवा

'रामा' रेखाचित्र के मुख्य पात्र रामा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 15

खण्ड-ब

5. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए : 5

(i) तिलांजली

(ii) कवियित्री

(iii) अनुग्रहीत

(iv) गरिष्ट

(v) ज्योत्सना

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए : 5

(i) वहाँ भारी भरकम भीड़ जमा थी।

(ii) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।

(iii) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।

(iv) माँ भी सोती नींद से जाग पड़ी।

(v) सारे देश-भर में यह बात फैल गयी।

7. अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी समानार्थक शब्द लिखिए : 5

(i) Acquisition

(ii) Adjourn

(iii) Convict

(iv) Export

(v) Justice

8. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए : 5

हमारे सपनों की इमारतों के सुनहरे गुम्बद कितने मोहक होते हैं। दूर के सौन्दर्यमण्डित पर्वतशिखर की तरह वे हमारी आँखों में समा जाते हैं और बरबस हमें अपनी ओर खींचते हैं। मगर जितनी ही हम उनके निकट पहुँचने की कोशिश करते हैं, वे उतनी ही दूर नज़र आने लगते हैं। थककर अकसर हम हताश हो जाते हैं, कभी-कभी नए रास्तों पर भी चलने लगते हैं। इसे इंसान की कमज़ोरी ही समझना चाहिए, क्योंकि कर्म की सार्थकता फल में नहीं, कर्मण्यता में है; उस पुरुषार्थ में है जो एक-एक कदम की गति, एक-एक इंच की चढ़ाई का आनंद लेता है। वास्तव में, चढ़ाई के प्रयत्न का सुख अपने आप में ही इतना मीठा है कि उसकी तृप्ति की कोई सीमा नहीं।

9. निम्नलिखित का पल्लवन कीजिए : 5

(i) आचरण सज्जनता की कसौटी है।

(ii) मन के हारे हार है मन के जीते जीत।

10. वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द बताइए : 5

(i) जो जन्म से अन्धा हो।

(ii) मन को हरने वाला।

(iii) जिसकी प्रतिज्ञा दृढ़ हो।

(iv) स्वयं अपनी हत्या करने वाला।

(v) जनता द्वारा चलाया राज।

11. निम्नलिखित युग्म शब्दों के अर्थगत अन्तर बताइए। : 5

(i) कपाट–कपट

(ii) तरंग–तुरंग

(iii) अंश–अंस

(iv) निर्माण–निर्वाण

(v) उपेक्षा–अपेक्षा

12. अपने क्षेत्र में विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियन्ता को पत्र लिखते हुए परीक्षा के दिनों में बिजली कटौती न करने का निवेदन कीजिए (उत्तर–सीमा : **100** शब्द) : 5

13. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए (उत्तर–सीमा : **350** शब्द) : 10

(i) साहित्य समाज का दर्पण है।

(ii) पर्यावरण की स्वच्छता।

(iii) भारत की बढ़ती जनसंख्या।

(iv) दहेज प्रथा : एक अभिशाप।

(v) शिक्षा एवं व्यवसाय।